**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 08.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- एक हजार वर्षों की गौरवगाथा के स्मरण के साथ चार दिन तक चलने वाले प्रथम ज्योर्तिलिंग सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आज शुभारंभ हुआ।
- नई दिल्ली में कल से आयोजित होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग दो हजार छब्बीस राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए अंडमान निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधिमंडल रवाना हुआ।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने द्वीप समूह की ग्यारह प्रमुख समस्याओं को केन्द्र के समक्ष रखा। सरकार ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।
- राष्ट्रीय युवा दिवस पर शिक्षा निदेशालय की ओर से नॉर्थ बे रोड मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

सोमनाथ मंदिर की शाश्वत भावना का उत्सव मनाने के लिए चार दिवसीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, आज से पूरे उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ शुरू हुआ। इस वर्ष सोमनाथ मंदिर पर जनवरी एक हजार 26 को हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसी वर्ष पुनर्निमित मंदिर के उन्नीस सौ इक्यावन में दोबारा खुलने की पचहत्तरवीं वर्षगांठ भी मनाई जा रही है। हर, हर भोले और जय सोमनाथ के जयकार, शंखनाद और डमरूओं की गूंज से आज प्रथम ज्यातिर्लिंग सोमनाथ मंदिर का प्रांगण शिवमय हो उठा है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राज्य के मंत्रियों की उपस्थिति में बहत्तर घंटों के लगातार अंखड ओंकार जाप के प्रारंभ के साथ आज से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विधिवत शुभारंभ किया गया। समूचे गुजरात से आए लगभग ढाई हजार ऋषि कुमार अगले बहत्तर घंटों तक लगातार अखंड ओंकार जाप और वेद मंत्रों का पाठ करेंगे। देशभर के शिव मंदिरों में आज एक साथ मंत्रोच्चार किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए राज्य के चार महानगरों से सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गई है। रविवार 11 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान सोमनाथ की पूजा–अर्चना करेंगे। आध्यात्मिक महत्व से परे, यह महोत्सव सोमनाथ के एक हजार वर्षों के संघर्ष, बलिदान और विजय गाथा को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

<><><><><><><>

विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 कार्यक्रम कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। खेल और युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने, चुनौतियों का सामना करने और देश के भविष्य के निर्माण की रूपरेखा में योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश भर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे। श्री मांडविया ने कहा कि भारत, दुनियाभर में सबसे अधिक युवाओं वाला देश है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य केवल नीतियों या संस्थानों से ही नहीं, बल्कि युवा नागरिकों की कल्पना, दृढ़ विश्वास और साहस से आकार लेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय युवा महोत्सव विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग – 2026 भारत सरकार की एक प्रमुख युवा पहल है, जिसका उद्देश्य युवा नेताओं को संस्कृति, नवाचार, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए सशक्त बनाना है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कार्यान्वित यह कार्यक्रम युवाओं को 'विकसित भारत @2047' के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिभा, विचारों और प्रतिबद्धता को व्यक्त करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। प्रतिनिधिमंडल का विवरण में राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, पूरे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से कुल पैंतालीस युवा प्रतिनिधियों और टीम अधिकारियों का चयन किया गया है। चयनित प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली के भारत मंडपम में 9 से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रस्थान कर रहा है। नेताजी स्टेडियम में एक फ्लैग–ऑफ रवानगी समारोह आयोजित किया गया, जहाँ द्वीपों के सांसद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने चयनित युवा प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की और उन्हें अनुशासन, एकता, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय जिम्मेदारी के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के मिडिल पॉइंट स्थित पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के अवसर पर राजधानी श्री विजयपुरम् में भाजपा राज्य स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक में कार्यसूची के बिंदुओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यसूची में अंडमान–निकोबार द्वीप समूह से सम्बन्धित ग्यारह बड़ी समस्याओं का उल्लेख किया गया था। इनमें बिजली, सड़क और पानी के साथ–साथ पर्यावरणीय महत्वपूर्ण मुद्दों पर

प्रकाश डाला गया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ये मेरे लिए संतोषजनक है कि कैबिनेट सचिव ने हमारे इन प्रारूप बिन्दुओं पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि आज स्वराज और शहीद द्वीप पर पानी की सप्लाई अवश्यकता से अधिक हैं। हालाँकि उन्होंने पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए धन्नीखाड़ी बाँध को फिर से सही करने की बात भी कही। ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर श्री तिवारी ने कहा कि ये अंडमान ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और पर्यावरण के साथ–साथ यह परियोजना सामरिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है।

<><><><><><><>

प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने विकसित भारत–जी राम जी पर विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विपक्ष को हर अच्छी चीज में कोई ना कोई बाधा पहुँचाना है और जब संसद में उन्हें अवसर मिलता है तो वहाँ भी विपक्ष बाधा ही पहुँचाता है। विकसित भारत जी राम जी भारत शासन की दूरदर्शिता का परिणाम है जिसमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं है। इस अवसर भाजपा के प्रवक्ता जिजीथ रेख, मीडिया कन्वीनर एस.पी. इलंगो, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी और भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष वर्दराजन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा एवं खेल निदेशालय के अंतर्गत नॉर्थ बे रोड मैराथन 6.0 का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन उप शिक्षा अधिकारी, विम्बर्लीगंज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी। मैराथन ग्यारह जनवरी को सुबह छह बजे चुन्नाबट्टा से नॉर्थ बे मार्ग पर आयोजित किया जाएगा। यह मैराथन द्वीपवासियों तथा विम्बर्लीगंज शैक्षिक क्षेत्र के छात्रों के लिए निःशुल्क है। प्रतियोगिता को विभिन्न श्रेणियों में आयोजित किया जाएगा। 10 किलोमीटर दौड़ में पुरुष तथा विम्बर्लीगंज शैक्षिक क्षेत्र के छात्र भाग ले सकेंगे। वहीं 5 किलोमीटर दौड़ में महिलाएँ एवं छात्राएँ भाग लेंगी। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों का पंजीकरण कार्यक्रम स्थल पर ही सुबह पाँच बजे से किया जाएगा

<><><><><><><>

प्रशासनिक एवं तकनीकी कारणों से जिला एथलेटिक मीट–2026 को स्थगित कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कल से नेताजी स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, श्री विजयापुरम में आयोजित होनी थी। आयोजन के स्थगन से संबंधित सूचना सहायक निदेशक (खेल) द्वारा जारी की गई है।

प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं संबंधित विद्यालयों से अनुरोध किया गया है कि वे नई तिथियों की घोषणा तक प्रतीक्षा करें। आयोजकों ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिला एथलेटिक मीट–2026 की पुनर्निर्धारित तिथियों की सूचना बाद में अलग से जारी की जाएगी

<><><><><><><>